## खबर संक्षेप

### रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त

**जगदलपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हरिस एस. ने बस्तर जिले के अन्तर्गत आने वाले नगर पालिक निगम जगदलपुर एवं नगर पंचायत बस्तर के लिए छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग छत्तीसगढ़ नगर पालिका निर्वाचन नियम 1994 के नियम 14 के अन्तर्गत प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नगर पालिक निगम जगदलपुर के लिए रिटर्निंग ऑफिसर अपर कलेक्टर चन्द्रिका प्रसाद बघेल, आयुक्त नगर पालिका निगम निर्भय कुमार साहू, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर अनुविभागीय राजस्व भरत कौशिक, डिप्टी कलेक्टर मायानंद चन्द्रा, डिप्टी कलेक्टर हीरा गवर्ना तथा नगर पंचायत बस्तर के लिए रिटर्निंग ऑफिसर अनुविभागीय राजस्व अगर राम राणा, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर मुख्य नगर पालिका अधिकारी तरूनपाल लहरे को नियुक्त किया गया है।

### भारी वाहनों का प्रवेश सुबह 6 से रात्रि 10 बजे तक प्रतिबंधित

**जगदलपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हरिस एस द्वारा जन-सुरक्षा एवं सुविधा की दुष्टिकोण से मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 115 एवचं सहपठित छत्तीसगढ़ मोटरयान नियम 1994 के नियम 215 में पदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए महाराणा चैक (रायपुर नाका) से शहर के अंदर एवं माड़िन चैक से शहर की ओर आने-जाने वाले सड़क पर भारी मालयान वाहनों का चालन प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक प्रतिबंधित करने के आदेश जारी किए हैं। प्रतिबंधित समय में भारी मालयान वाहनों का संचालन आड़ावाल, कुरंदी, मारेंगा वायपास होकर किया जाएगा। आदेश का उल्लंघन की दशा में सक्षम अधिकारी द्वारा कार्यवाही की जाएगी।

### वार्षिकोत्सव एवं शालेय पत्रिका का विमोचन आज

**जगदलपुर।** जगतु माहरा शास.बहु.उ.मा. विद्यालय जगदलपुर में मंगलवार को दोपहर 12 बजे से वार्षिकोत्सव एवं पत्रिका विमोचन कार्यक्रम होगा। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक किरण देव, अध्यक्षता सासंद महेश कश्यप, विशिष्ट अतिथि महापौर सफीरा साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप, श्रीनिवास राव मद्दी, पार्षद योगेन्द्र पाण्डे तथा एमआईसी आलोक अवस्थी मौजूद रहेगें।

## नवोदय विद्यालय बारसूर में देश-विदेशों में सेवा दे रहे पूर्व छात्र-छात्राओं का लगा जमावड़ा

# नवोदय जीवन हर किसी को आसानी से नहीं मिलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

जवाहर नवोदय विद्यालय बारसूर से 25 साल पहले वर्ष 1999 में पास आऊट हुए पहले बैच के छात्र-छात्राओं का

- नवोदय में 25 साल पहले पढ़कर निकले, अब लौटे तो हरेक पेड़-दीवारों से लगा अपनापन
- पहले बैच के पास आऊट होने की रजत जयंती मनाई

जमावड़ा रविवार को फिर से इस विद्यालय में लगा। इस विद्यालय से पढ़ाई पूरी कर देश-विदेशों में अपना मुकाम हासिल कर चुके इस बैच के 16 ऐसे पूर्व छात्र-छात्राएं अपनी स्मृतियां



ताजा करने यहां पहुंचे थे। किसी ने शुरूआती दौर में यहां हुई कठिनाईयों को याद किया, तो दीवार-खिड़कियों तक में अपनापन महसूस किया। किसी को अपनी और साथियों की शरारतें, मस्ती, पढ़ाई और शिक्षकों से मिली पनिशमेंट याद आई। इतने साल बाद अपने पुराने सहपाठियों को पाकर उनकी खुशी का ठिकाना न रहा। सभी ने न सिर्फ अपनी पुरानी यादें ताजा किया, बल्कि वर्तमान बैच में पढ़ाई कर रहे बच्चों को नवोदय जीवन के महत्व और सफलता के सूत्र भी बताए। इस मौके पर विद्यालय के बच्चों ने स्वागत गीत, करमा नृत्य, आर्केस्ट्रा की संगीतमय प्रस्तुति दी। सुपर सीनियर्स ने बच्चों के साथ भोजन किया और क्रिकेट मैच भी खेला।

शेषमणि दुबे, शिक्षक ने कहा कि नवोदय जीवन हर किसी को आसानी से नहीं मिलता। यह होता तो सिर्फ 7 वर्ष का है, लेकिन लेकिन पूरा जीवन नवोदय जीवनमय बनाना अद्भुत है। खुशमय बनाने हर साल यहां आता हूँ। 1993 में यहां कुछ नहीं, सिर्फ 4 शिक्षक थे। जो कष्ट झेला, आज हमारे जीवन की सफलता उसी वजह से है। जीवन मे जीत हासिल करना है, लेकिन किसी को दबाकर नहीं। बच्चे देश के प्रति कर्तव्यबोध याद रखें। अविनाश श्रीवास, सहायक आयुक्त आजाक विभाग महासमुंद ने कहा कि नवोदय जीवन उतना आसान नहीं। प्रिंसिपल भी एलुमनी। दंतेवाड़ा की पहचान देश भर में है। साक्षरता दर कम, लेकिन नवोदय तारे की तरह टिमटिमा रहा है। जो अपने को मिल रहा है, उस पर गर्व करना सीखें। जिम्मेदारी का अहसास करेंगे। आगे बढ़ना है तो 100 प्रतिशत देना है। यहां जो संघर्ष करेंगे, जो सीखेंगे, वो जीवन भर काम आएगा। नवोदय परिसर में जैसा हम बिना भेदभाव के रहते हैं, वो भावना समाज में भी ढालना है। शिक्षा से ही सामाजिक बदलाव आ सकता है। इसीलिए समय को नष्ट मत करिए। यह समय बाद में लौट कर नहीं आएगा। जगदलपुर से पहुंचे मुकेश दास ने अपनी हंसोड़ शैली में खूब हंसाया।

### 1999 में पास आऊट हुआ था पहला बैच

दरअसल पहले बैच के पासआऊट होने 25 वर्ष पूरे होने पर यह रजत जयंती समारोह आयोजित किया गया, जिसमें एलुमनी यानि पूर्व छात्रों को आमंत्रित किया गया था। स्वागत उद्बोधन में विद्यालय के प्राचार्य धर्मेंद्र कुमार यादव ने कहा कि बस्तर संभाग के पहले नवोदय विद्यालय की स्थापना 1992 में हुई थी। इसमें पढ़कर निकले छात्र-छात्रा देश-विदेश में अपनी प्रतिभा को लोहा मनवा रहे हैं। 1999 में पहले बैच के पास आऊट होने के 25 साल पूरे हो चुके हैं। अब हर साल 25 साल पूरे करने वाले बैच को क्रमशः आमंत्रित किया जाएगा। कार्यक्रम का रोचक ढंग से संचालन एलुमनी मनोज गुप्ता ने व आभार प्रदर्शन विद्यालय के शिक्षक मंगलसिंह ने किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के पासआऊट व बीजापुर एएसपी चंद्रकांत गवर्ना, ट्रायबल विभाग की अवर सचिव अनिता मरकाम भी मौजूद रहीं।

## ध्वज प्रतीक लगाकर झण्डा दिवस का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सशस्त्र सेना झण्डा दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ 7 दिसंबर को ध्वज प्रतीक लगाकर किया गया। इस दौरान कर्नल ए.के. कर (से.नि.) प्रभारी अधिकारी, ई.सी.एच.एस. पॉलीक्लिनिक, सर्जन कमाण्डर जॉनसन (से.नि.) एवं डॉ. अभिषेख सिंह पठानिया, दंत चिकित्सक जगदलपुर बस्तर को जिला सैनिक कल्याण अधिकारी मौजूद थे। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में द्वितिय विश्व युद्ध के नान पेंशनर वामन वानखड़े एवं वानो बाई को शाल, श्रीफल से सम्मानित किया गया। बस्तर संभाग से पूर्व सैनिक एवं विधवा इस कार्यक्रम में

## जया मत्स्य पालन के व्यवसाय में अग्रणी कृषक के रूप में उभरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

विकासखण्ड दन्तेवाड़ा अन्तर्गत ग्राम कुम्हाररास की जया कश्यप मत्स्य पालन के व्यवसाय में अग्रणी कृषक के रूप में उभरी है। वे बताती है कि वर्ष 2011-12 से वे मत्स्य पालन व्यक्तिगत तौर पर प्रारंभ किया। और उन्होंने 2 हेक्टेयर की भूमि में तालाब खुदवाया। शुरुआत में मछली पालन की जानकारी नहीं होने के कारण उन्हें संतोषजनक आमदनी प्राप्त नहीं हो रही थी। फिर भी तालाब में बिना प्रबंधन तथा बिना आहार दिये 100-200 किलो



घाम तक मछली का उत्पादन हो ही रहा था। तत्पश्चात मछली पालन विभाग के मत्स्य अधिकारी के सम्पर्क पश्चात मछली पालन में सम्बन्धित उन्नत तकनीकियों के बारे में जानकारी मिली और विभाग द्वारा उन्हें हितग्राही मूलक योजनाओं के अन्तर्गत मत्स्याखेट उपकरण, परिपूरक आहार, मत्स्य बीज का लाभ दिया गया। इससे साल दर साल मत्स्य उत्पादन में वृद्धि हुई। अभी वर्तमान में प्रतिवर्ष 20000,00 नग फिंगरलिंग संचयन जया कश्यप द्वारा किया जा रहा है। तथा परिपूरक आहार और तालाब के समुचित प्रबंधन से मछली पालन में प्रति वर्ष 975000 तक आमदनी हो रही है। इसके अलावा सीमित तौर पर बत्तख एवं मुर्गी पालन भी कर रही है। वे कहती है कि स्थानीय बाजारों में ही मछलियों के खपत हो जाने से उन्हें बहुत लाभ हुआ है।

## आरफा फाउंडेशन ने बच्चों को किया पुरस्कृत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

आरफा वेलफेयर फाउंडेशन ने बस्तर संभाग मुस्लिम फाउंडेशन के सहयोग से अंडर 12 एथलेटिक्स चेम्पियनशिप टूनार्मेंट का आयोजन किया। हाता ग्राउंड में दो दिन तक चले टूनार्मेंट में 240 बच्चे शामिल हुए और अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आरफा फाउंडेशन की डायरेक्टर महफूजा हुसैन ने बताया कि बच्चों ने लांग जंप, शॉर्ट पुट, 100 मीटर दौड़ जैसी स्पर्धा में हिस्सा लिया। स्पर्धा के पहले दिन सलेक्शन के साथ सेमी फाइनल मैच खेले गए। वहीं दूसरे दिन फाइनल गेम्स हुए। वहीं बच्चों की माताओं के बीच म्यूजिकल चेयर स्पर्धा भी आयोजित हुई। स्पर्धा का समापन समारोह रविवार को इंदिरा स्टेडियम में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवरेस्ट फतह करने वाली पर्वतारोही नैना सिंह धाकड़ थी। अध्यक्षता हाजी मोहम्मद वसीम ने की। वहीं विशेष अतिथि के रूप में निर्मला सिस्टर, समीर अली, मोहम्मद अमन खान मौजूद रहे।

स्पर्धा में स्कूल गोइंग और नॉन स्कूल गोइंग बच्चे शामिल हुए। महफूजा हुसैन ने बताया कि स्पर्धा में शामिल ऐसे बच्चे जो स्कूल नहीं जा पाते हैं उनकी हम पढ़ाई में मदद करेंगे। उन्हें स्कूल भेजने की व्यवस्था करेंगे। साथ ही उन्हें खेल से भी जोड़ेंगे। कार्यक्रम में बस्तर विश्वविद्यालय के एमएसडब्ल्यू विभाग के समेस्टर टू के छात्र, आरफा से अदिति बैरागी, प्रवीण नायक, रानू यादव, प्रियंका लाकड़, तनीषा दास, शाहरूख खान, आसिफ खान, गजाला खान, फजलुद्दीन, यासिन, अब्दूल एजाज साथ ही हमशीरा ग्रुप की सारी सदस्य मौजूद थीं।

# गरीब आदिवासी का आवास ढहाना दुखद : लखेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर विधानसभा क्षेत्र में बकावंड तहसील के अंतर्गत ग्राम बनियागांव

- दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की विधायक ने की अनुशंसा

बीपीएल श्रेणी के आदिवासी के नाम स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माणाधीन आवास को प्रशासन द्वारा बलपूर्वक तोड़ दिये जाने का मामला तूल पकड़ने लगा



है।

विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा है कि गरीब आदिवासी का निर्माणाधीन पीएम आवास ढहाया जाना दुखद है इसकी जितनी निंदा की जाए कम है, उन्होंने कमिश्नर बस्तर को पत्र प्रेषित कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की अनुशंसा की है।

बघेल ने पत्र में कहा कि कान्दरा नाग पिता मंगलु नाग, ग्राम बनियागांव विखं बकावण्ड, जिला बस्तर का विषयान्तर्गत अनुरोध पत्र प्राप्त हुआ है। प्रस्तुत आवेदन अनुसार जनपद पंचायत बकावण्ड से नाग के पूर्वजों के द्वारा अधिग्रहित भूमि जिसमें पूर्व में कच्चा मकान निर्मित था। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत पक्का आवास निर्माण की स्वीकृति प्राप्त होने पर मकान निर्माण का कार्य प्रारंभ करवाया गया। अद्यतन स्थिति में ढलाई लेवल तक निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है लेकिन ग्राम के ही एक असंतुष्ट व्यक्ति जिसे भाजपा का कार्यकर्ता कह रहा है, जिसकी शिकायत पर बलपूर्वक उक्त निर्माणाधीन मकान को जेसीबी से ढहा दिया गया है। बघेल ने कहा कि स्वीकृत मकान को इस प्रकार से गिरा दिये जाने पर दोषियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही किये जाने की अनुशंसा करता हूं।

## रासेयो का उद्देश्य समाज सेवा के साथ व्यक्तित्व विकास : मनबती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई छिंदबहार का सात दिवसीय विशेष शिविर गोद ग्राम छिंदबहार में विगत दिवस लगाया गया था।

समापन कार्यक्रम के मुख्य

- सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ समापन

अतिथि सरपंच मनबती कश्यप, अध्यक्षता तुलादास मानिकपुरी, विशिष्ट अतिथि समलू कश्यप बीआरसी दरभा, गंगा कोर्राम उप सरपंच, सोनधर कश्यप, दिनमणि बेसरा, राजेश गुप्ता, बुधराम कश्यप, उषा कश्यप, राजेंद्र त्रिपाठी, हेमंत पोयम आतिथ्य में हुआ।

मनबती ने कहा कि रासेयो का उद्देश्य व लक्ष्य समाज सेवा के साथ व्यक्तित्व विकास है, के माध्यम से



समाज में विभिन्न मुद्दों पर जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत 50 बोरी प्लास्टिक संग्रहण किया गया। इस दौरान प्राथमिक मिडिल स्कूलों में जाकर बच्चों को सिंगल यूज प्लास्टिक से भरा एक बॉटल के बदले 1 पेन अभियान सराहनीय है। जल संरक्षण मिशन के तहत वाटर शेड का निर्माण अभियान के तहत घर घर सोखता गड्ढा निर्माण किया गया। अब तक का कुल 1000 से अधिक गड्ढों का निर्माण किया जा चुका है। स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया। संध्या कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान नशा मुक्ति, नारी शिक्षा, महिला शसक्तीकरण, समानता, पर्यावरण संरक्षण, साइबर क्राइम और समग्र शिक्षा आदि विषयों पर सांस्कृतिक मंचन से संदेश दिया गया। डॉ डीएल पटेल कार्यक्रम समन्वयक रासेयो के द्वारा योग कराया गया और लाभ भी बताया गया। जिसमें पारंपरिक धान कुटाई यंत्र ढेकी के बारे बताए और उपयोग हेतु सलाह दिए। बौद्धिक चर्चा में विभिन्न विषय के विशेषज्ञों के द्वारा बच्चों से चर्चा कर जानकारी दिया गया।

## कांग्रेसियों ने वृद्धा आश्रम में किया फल वितरण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के निर्देश पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षा सोनिया गांधी का जन्मदिन शहर जिला कांग्रेस परिवार के द्वारा रेडक्रास आस्था निकुंज धरमपुरा के वृद्धजनों के बीच पहुंचकर मनाया गया। कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को फल वितरण किया। साथ ही आश्रम के वृद्धजनों एवं पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा उनकी स्वस्थ जीवन की कामना की गई।

इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी एम वेंकट राव, रविशंकर तिवारी, शहनाज बेगम,पापिया गाइन, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद, पार्षद सूयापानी, कमलेश पाठक, महामंत्री महेश द्विवेदी,सुषमा सुता, एस नीला, मनिता राउत, ज्ञानेश्वरी जाधव, विक्की निषाद, ईश्वर बघेल आदि मौजूद रहे।

## सिंधी प्रीमियर लीग क्रिकेट के पहले मैच में हिरदाराम किंग्स को मिली जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

रविवार को सिंधी प्रीमियर लीग-2 रात्रि कालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज हुआ। यह टूनार्मेंट 11 दिनों तक चलेगा। जिसमें 6 टीम भाग लेगी। इस लीग में संभाग भर के सिंधी समाज के खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं। एसपीएल-2 क्रिकेट शुभारंभ मे साईं झूलेलाल की आरती की गई। पल्लव, अरदास और राष्ट्रगान किया गया। पहला मैच पत्रकार 11 विरुद्ध पुलिस 11 के मध्य हुआ। जिसमें पुलिस 11 ने यह मैच जीत लिया। सभी खिलाड़ियों को सम्मान पत्र एवं स्मृति चिन्ह दिया गया। दूसरा मैच संत हिरदाराम किंग्स एवं साई लाल दास चेलेंजर्स के मध्य क्रिकेट खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी हिरदाराम किंग्स की शुरूआत अच्छी नहीं



रही। सलामी बल्लेबाज निक्कू जल्दी आउट हो गए। टीम ने 10 ओवर में 62 रन का लक्ष्य खड़ा किया। लक्ष्य पीछा करने उतरी टीम चैलेंजर्स टीम 10 ओवर में 49 रन ही बना सकी।

मैन ऑफ द मैच निकेतन नागवानी को दिया गया। इस अवसर पर सिंधी पंचायत छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी ,भारतीय सिंधु सभा प्रदेश अध्यक्ष लधाराम नैनवानी, मुरलीधर शादीजा, प्रह्लाद शादीजा, योगेश राघवानी, गिरीश लहेजा,राजू चंदानी, विनोद संतवानी, महापौर सफीरा साहू, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, राम नरेश पांडे साथ ही जगदलपुर पंचायत के संरक्षक उधाराम मूलचंदानी समाज के अध्यक्ष मनीष मूलचंदानी, सचिव हरेश नागवानी, सुहिणी सोच महिला विंग अध्यक्ष नीलम बसंतवानी, सिंधी नवयुवक मंडल अध्यक्ष शिवम बसंतवानी उपस्थित रहे।

## भारतीय सिंधु सभा के अध्यक्ष मनीष सचिव हरेश बने




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सिंधी प्रीमियर लीग रात्रिकालीन क्रिकेट सीजन 2 के शुभारंभ अवसर पर भारतीय सिंधु सभा के प्रदेश अध्यक्ष लधाराम नैनवानी एवं उसकी टीम ने जिला स्तरीय टीम की विधिवत घोषणा की। छत्तीसगढ़ पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष महेश दरयानी एवं उनकी टीम मौजूद रही, साथ ही महापौर सफीरा साहू, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, समाज सेवी रामनरेश पांडे, पूज्य सिंधी पंचायत संरक्षक उधाराम मूलचंदानी सुहिणी सोच महिला विंग अध्यक्ष नीलम बसंतवानी, नवयुवक मंडल अध्यक्ष शिवम बसंतवानी, गुरुद्वारा कमेटी सचिव संतोष बजाज की उपस्थिति रही।

# मोदी की गारंटी, विष्णु के सुशासन में युवाओं को मिल रही है नौकरी की गारंटी : मनीष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

डबल इंजन भाजपा सरकार में युवाओं को नौकरी के भारी अवसर मिल रहे हैं। भाजपा नेता मनीष पारख ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

- डबल इंजन की सरकार में पूरी पारदर्शिता के साथ हो रही हैं भर्ती प्रक्रिया

का आभार व्यक्त किया है। प्रदेश सरकार युवाओं की आकांक्षा के अनुरुप काम कर रही है। समय-समय पर रोजगार के अवसर मुहैया कराते हुए विभिन्न विभागों में रिक्त पदों पर भर्ती निकाल रही है एवं पूरी पारदर्शिता के साथ भर्ती प्रक्रिया सम्पन्न हो रही है।

पारख ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में मोदी की गारंटी पूरी हो रही है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद लगातार भर्तियां खुल रही है। भाजपा सरकार ने अब तक करीब 19 विभागों में 8,971 पदो के लिए वित्त विभाग ने मंजूरी दे दी है। विद्युत निरिक्षक



कार्यालय में भी भर्ती की राह अब साफ हो चुकी है। प्रदेश के इन तीन विभागों में 151 विभिन्न पदों पर भर्ती होगी।

भाजपा सरकार में छत्तीसगढ़ के उत्कृष्ट खिलाड़ियों के लिए शासकीय नौकरी में नियुक्ति देने के लिए कमेटी गठित की गई है जिसके अध्यक्ष मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा एवं केदार कश्यप के विभाग के अधिकारी सरकार द्वारा गठित कमेटी में सदस्य, सचिव बनाएं गए हैं। आरक्षक भर्ती प्रक्रिया भी पुनः प्रारंभ हो चुकी है। प्रदेश स्तर पर विभिन्न विभागों में भर्तियां होने के साथ-साथ सभी जिलों में भी भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। रोजगार कार्यालय के माध्यम से हर माह प्लेसमेंट कंपनियों के द्वारा युवाओं को नौकरी देने की प्रक्रिया में भी तेजी आई है।

### कांग्रेस सरकार पर किया प्रहार

पारख ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार ने अपने कार्यकाल में छत्तीसगढ़ के योग्य युवाओं के हक में डाका डालने का काम किया है। पीएससी में घोटाला कर कांग्रेस ने अपने चाहेतों को नौकरियां देने का काम किया। लेकिन भाजपा सरकार युवाओं के हक में फैसले ले रही है। पीएससी घोटाले की जांच बहुत ही तेज गति से चल रही हैं। पीएससी में घोटाला करने वाले और जिम्मेदार अधिकारी कानून की गिरफ्त में हैं। युवाओं के हक को छीनने वाले भाजपा शासनकाल में बख्शे नहीं जाएंगे।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9149027841

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124